भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *238

08अगस्त, 2022 को उत्तर के लिए

'सेल' की इस्पात इकाइयों में संवेदनशील पद

***238. श्री धीरज प्रसाद साहू:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस्पात संबंधी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम,स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की विभिन्न इकाइयों में संवेदनशील पदों का ब्यौरा क्या है और इन पदों पर अधिकतम कितनी अवधि तक किसी एक पदाधिकारी को पदासीन रखा जा सकता है; और

(ख) बोकारो इस्पात संयंत्र में कम जनशक्ति होने के बावजूद दो-दो मुख्य महाप्रबंधकों को रखे जाने के क्या कारण हैं, जबकि भिलाई और राउरकेला इस्पात संयंत्रों में केवल एक मुख्य महाप्रबंधक है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)**

(क)और(ख): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

सेल की इस्पात इकाइयों में संवेदनशील पदों के संबंध में श्री धीरज प्रसाद साहू, संसद सदस्य द्वारा पूछे गए दिनांक 08.08.2022 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *238 के भाग (क)और(ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में 01/04/2022 की स्थिति के अनुसार, इसके संयंत्रों/इकाइयों में कुल 1462 पदों को संवेदनशील पदों के रूप में चिन्हित किया गया है तथा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 1 अप्रैल को संवदेनशील पदों पर 3 वर्ष पूरे कर चुके कार्यपालकों को वित्तीय वर्ष के दौरान रोटेशन के लिएचिन्हित किया जाता है:

इकाई/विभाग	**संवेदनशील पद (संख्या)**
भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी)	267
बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल)	307
दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी)	147
राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी)	278
इस्को इस्पात संयंत्र + विकास प्रभाग (आईएसपी+जीडी)	129
केन्द्रीय विपणन संगठन + लॉजिस्टिकएवं अवसंरचना (सीएमओ+एल एंड आई)	154
एलॉय इस्पातसंयंत्र (एएसपी)	21
सेलम इस्पात संयंत्र (एसएसपी)	39
विश्वेश्वरैया लौह एवं इस्पात संयंत्र (वीआईएसएल)	10
रांची आधारित इकाइयां (आरबीयू)	19
चंद्रपुर फेरो एलॉय संयंत्र (सीएफपी)	15
सेल रिफ्रैक्टरी इकाई (एसआरयू)	37
निगमित कार्यालय (सीओ)	39
कुल	1462

(ख) सेल के संयंत्रों/इका इयों में मुख्य महाप्रबंधकों (सीजीएम) की तैनाती प्रशासकीय दायित्वों के निष्पादन की संगठनात्मक आवश्यकताओं के अनुसार की जाती है। वर्तमान में क्रमश : बोकारो इस्पात संयंत्र, भिलाई इस्पात संयंत्र तथा राउरकेला इस्पात संयंत्र में दो से अधिक सीजीएम तैनात हैं।

01.08.2022 की स्थिति के अनुसार, बोकारो इस्पात संयंत्र (झारखंड खदान समूह सहित) में 51, भिलाई इस्पात संयंत्र (भिलाई इस्पात संयंत्र की खदानों सहित) में 35 तथा राउरकेला इस्पात संयंत्र (ओडिशा खदान समूह सहित) में कुल 34 मुख्य महाप्रबंधक कार्यरत हैं।

*****